

कभी सपने देखना मत रोकोः चहर

आईपीएल के लिए यूएई पहुंचने के बाद दीपक समेत चेन्नै सुपर किंग्स दल के 13 सदस्य कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए थे। इसके कारण उन्हें क्वारंटीन में भी ज्यादा दिन रहना पड़ा और चेन्नै टीम का प्रैक्टिस सेशन भी देरी से शुरू हुआ। आईपीएल का 13वां सीजन कल 19 सितंबर यानी शनिवार से शुरू हो रहा है।

## चाहर ने शेयर की शेन वॉटसन के साथ 15 साल पुरानी तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पेसर दीपक चाहर सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं। उन्होंने 15 साल पुरानी अपनी एक तस्वीर ट्विटर पर शेयर की। फोटो में उनके साथ ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वॉटसन नजर आ रहे हैं। दीपक चाहर फिलहाल चेन्नै सुपर किंग्स टीम के साथ यूएई में हैं। इसी टीम से शेन वॉटसन भी खेलते हैं। आईपीएल का 13वां सीजन यूएई में खेला जाना है। भारत में लगातार बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों को देखते हुए अगले सीजन को भारत से बाहर कराने का फैसला किया गया है। आईपीएल में इस साल फैंस और दर्शकों को स्टेडियम में एंट्री नहीं होगी। इस साल बिना दर्शकों की मौजूदगी के ही आईपीएल खेला जाएगा। 28 वर्षीय दीपक ने दो तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वॉटसन के साथ एक ताजा फोटो है जबकि एक 15 साल पुरानी तस्वीर है। उन्होंने लिखा, 15 साल का चैलेंज, लेजंड्री शेन वॉटसन के साथ। कभी सपने देखना मत रोको। भारतीय पेसर दीपक चाहर हाल में कोरोना वायरस से उबरे हैं।

# मुंबई-चेन्नै मुकाबले से 13वें सीजन का आगाज

## कोरोना काल में आईपीएल के साथ शुरू होगा भारतीय खेलों का जलसा

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अबु धाबी। घातक कोरोना वायरस महामारी के खौफ के बीच दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग शनिवार से शुरू होगी। इसमें एक बार फिर दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के शांत रवैये, विराट कोहली की आक्रामकता और रोहित शर्मा की कप्तानी पर सभी की नजरें होंगी। गत चैंपियन रोहित की मुंबई इंडियंस का सामना पहले मैच में धोनी की चेन्नै सुपर किंग्स से होगा।

भारत में लगातार बढ़ते कोरोना महामारी के मामलों के कारण टूर्नामेंट यूएई में खेला जा रहा है। ऐसा पहली बार होगा कि आईपीएल मैच के दौरान मैदान में दर्शक नहीं होंगे। कठिन हालात में सिनेमा और क्रिकेट के लिए तरस रहे दर्शकों के लिए भी यह आईपीएल खास होगा और खिलाड़ियों के लिए भी।



ऐसे में जब सोशल डिस्टैंसिंग और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल दिनचर्या का हिस्सा बन चुके हैं, अगले 53 दिन धोनी की चेन्नै सुपर किंग्स, कोहली की रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर, रोहित की मुंबई इंडियंस, केएल राहुल की किंग्स इलेवन पंजाब और श्रेयस अय्यर की दिल्ली कैपिटल्स समेत आईपीएल की 8 टीमों के नाम होंगे। आईपीएल का 13वां सीजन यूएई में खेला जाना है। भारत में लगातार बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों को देखते हुए अगले सीजन को भारत से बाहर कराने का फैसला किया गया है। आईपीएल में इस साल फैंस और दर्शकों को स्टेडियम में एंट्री नहीं होगी। इस साल बिना दर्शकों की मौजूदगी के ही आईपीएल खेला जाएगा।

आईपीएल पहले भी विदेश में हुआ है लेकिन इस बार करोड़ों डॉलर का यह क्रिकेटिया तमाशा पहली बार बायो-सिक्योर माहौल में होगा। इसमें क्रिस गेल और डेविड वॉर्नर के गगनभेदी छक्कों पर तालियां पीटने वाले नहीं होंगे और ना ही सुपर ओवर में कोई शोर सुनाई देगा। इसके बावजूद कोई शिकायत नहीं क्योंकि कम से कम खेल देखने को तो मिलेगा। कागजों पर आकलन करें तो मुंबई की टीम सबसे मजबूत नजर आ रही है जिसमें रोहित के अलावा हार्दिक और क्रुणाल पंड्या, कायरन पोलार्ड और 'डेथ ओवरों के शहंशाह' गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। चेन्नै टीम को भले ही 'बूढ़ों की फौज' कहें लेकिन इस टीम ने साबित किया है कि सफलता और प्रतिभा उम्र के मोहताज नहीं होते।

## मोदी को बर्थडे पर विराट ने दी विशेज पीएम ने भी अनुष्का को टैग कर दी बधाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को 70 साल के हो गए। उनके जन्मदिन के मौके पर देश-विदेश से बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सोशल मीडिया पर पीएम मोदी को जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली भी शामिल थे। विराट ने ट्विटर पर पीएम मोदी को टैग कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस पर पीएम ने रिप्लाई दिया और साथ ही विराट और उनकी पत्नी बॉलिवुड ऐक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को बधाई भी दी।



विराट और अनुष्का ने हाल में घोषणा की थी कि वे अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं। विराट ने ट्वीट करते हुए लिखा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने साथ ही पीएम मोदी और पीएम ऑफिस को टैग भी किया। इस पर रिप्लाई करते हुए पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में इस जोड़े को माता-पिता बनने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। पीएम ने ट्वीट करते हुए लिखा, थैंक यू विराट कोहली। आपको और अनुष्का शर्मा को भी बधाई, मुझे पूरा विश्वास है कि आप दोनों अच्छे माता-पिता बनेंगे।

पीएम मोदी को क्रिकेट जगत की दिग्गज हस्तियों ने उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। मोदी ने भी गुरुवार रात सोशल मीडिया पर उनके संदेशों का जवाब दिया।

## आईपीएल के दौरान सट्टेबाजी पर नजर रखेगा स्पोर्टरडार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रतिष्ठित टी20 लीग आईपीएल का अगला सीजन यूएई में 19 सितंबर से शुरू होना है। यदि इस लीग में कोई सट्टेबाजी के बारे में सोच भी रहा है तो उसे सचेत हो जाना चाहिए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 19 सितंबर से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान सट्टेबाजी से जुड़ी अनियमितताओं का पता लगाने के लिए स्पोर्टराडार की सेवाएं ली हैं। भारत में लगातार बढ़ते कोरोना वायरस के मामलों के कारण आईपीएल का 13वां सीजन यूएई में खेला जाना है। पहला मैच मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम चेन्नै सुपर किंग्स के बीच 19 सितंबर को खेला जाएगा। एक विज्ञप्ति के अनुसार, 'अनुबंध के तहत आईपीएल-2020 के सभी मैचों पर स्पोर्टरडार की इंटीग्रिटी सेवाओं की नजर रहेगी ताकि सट्टेबाजी का पता लगाया जा सके।' इसमें कहा गया है, 'स्पोर्टरडार बीसीसीआई को जोखिम आकलन भी देगा और इसकी खुफिया तथा जांच सेवाओं का भी जरूरत पड़ने पर बोर्ड इस्तेमाल कर सकेगा।' इससे पहले भी आईपीएल में सट्टेबाजी की खबरें सामने आई थीं जिस पर कार्रवाई की गई।

## न्यूज डायरी



### चेन्नै सुपरकिंग्स ने राजपूत बॉय रवींद्र जडेजा को गिफ्ट में दी तलवार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के तलवारबाजी स्टंट को तो क्रिकेट मैदान पर आपने खूब देखा होगा। जब भी जड्डू किसी मैच में फिफ्टी जड़ते हैं तो वह अपने बैट को ही तलवार घुमाने के अंदाज में अपनी इस उपलब्धी का जश्न मनाते हैं। जडेजा के फैन्स भी उनके इस अंदाज के दीवाने हैं। तलवार घुमाने के शौकीन जडेजा को उनकी आईपीएल टीम चेन्नै सुपरकिंग्स उन्हें गिफ्ट में भी तलवार भेंट की है। आईपीएल की शनिवार से शुरुआत हो रही है। इस बीच चेन्नै की टीम ने अपने खिलाड़ियों को खास उपहार दिए हैं। टीम मैनेजमेंट ने जडेजा का यहां तलवार गिफ्ट की है, इस मोमेंटो पर राजपूत बॉय भी लिखा गया है। बता दें सोशल मीडिया पर जडेजा अपनी तस्वीरों और अपने स्टंट के साथ राजपूत बॉय का इस्तेमाल खूब करते हैं।

### गोल्फर त्वेसा मलिक सातवें स्थान पर, पहले दौर में खेला एक अंडर 70 का कार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बोरदू (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने ओपन डि फ्रांस के पहले दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेलते हुए संयुक्त सातवां स्थान हासिल किया। त्वेसा मलिक ने बर्डी के साथ शुरुआत की लेकिन तीसरे और चौथे होल पर बोगी किया। त्वेसा ने सातवें, आठवें और नौवें होल पर बर्डी लगाकर दो अंडर 34 स्कोर किया। इंग्लैंड की चार्लोट थॉम्पसन और गैब्रियला कोले के साथ स्थानीय गोल्फर लूसी एम शीर्ष पर हैं जिन्होंने 68 का स्कोर किया। भारत की महिला गोल्फर दीक्षा डागर के लिए पहला दौर बहुत खराब रहा जिसने 18 ओवर 89 का स्कोर किया।

### टी20 में बाबर आजम सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तानी बल्लेबाज बाबर आजम ने अपने टी20 करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली है। आजम इन दिनों इंग्लैंड में हैं और वह यहां समरसेट की ओर से वाइटालिटी टी20 ब्लास्ट में खेल रहे हैं। ग्लैमॉर्गन के खिलाफ यहां बैटिंग पर उतरे आजम ने सिर्फ 62 बॉल में नाबाद 114 रन जड़ दिए। इस पारी में उन्होंने 9 चौके और 2 छक्के भी बरसाए। इस युवा बल्लेबाज का टी20 क्रिकेट में यह चौथा शतक है। इस टी20 लीग में बाबर सीजन का अपना 5वां मैच खेल रहे थे। इससे पहले वह अपनी पिछली 3 पारियों (6, 0, और 10) में फ्लॉप साबित हुए थे, जिसके बाद फैन्स उनकी खूब आलोचना कर रहे थे। इस पारी में भी उन्हें 10 रन के निजी स्कोर पर एक जीवनदान मिला, जिसके बाद बाबर ने यह कमाल की पारी अपने नाम की। ओपनिंग करने उतरे 25 वर्षीय आजम ने यहां पारी के 11वें ओवर में 34 बॉल पर अपनी फिफ्टी पूरी की। इसके बाद पारी के 19वें ओवर में इस बल्लेबाज अपना शतक पूरा किया। उनके शतक की दूसरी फिफ्टी सिर्फ 23 बॉल पूरी हुई।

### आईपीएल में बर्न आउट से बचें इंग्लिश क्रिकेटर: कोच क्रिस सिल्वरवुड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। इंग्लैंड के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड को यकीन है कि आईपीएल जैसे विश्व स्तरीय टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी में मदद मिलेगी। लेकिन उन्हें खिलाड़ियों की थकान और चोटिल होने का डर है। इंग्लैंड के 10 क्रिकेटर आईपीएल खेलने यूएई पहुंच गए हैं। इनमें से 7 क्रिकेटर हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे। सिल्वरवुड ने कहा कि खिलाड़ियों को बर्न आउट से बचने के लिए एहतियात बरतनी होगी क्योंकि अगले 7 सप्ताह वे बायो सिक्योर बबल में रहेंगे। उन्होंने कहा, यह उनका फैसला है लेकिन हमें उन पर नजर रखनी होगी। अनुबंध बहुत लुभावने हैं लेकिन हमें टी20 वर्ल्ड कप की भी तैयारी करनी है। जितना ज्यादा टी20 क्रिकेट खेलेंगे, हमारे लिए अच्छा ही होगा। उन्होंने कहा, हमें यह ध्यान रखना होगा कि वे बर्न आउट से बचें।